Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 11-08-2022 | अंक 311

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्युज ब्रीफ

### भाजपा नेत्री सुषमा विश्वकर्मा ने कोबरा के जवानों को बांधा रक्षा सूत्र



बरही भाजपा के सक्रिय महिला कार्यकर्ता सुषमा विश्वकर्मा ने गुरुवार को रक्षाबंधन के अवसर पर पटना रोड में स्थित कोबरा 203 वाहिनी के सैकड़ों जवानों को जाकर रक्षा सूत्र बांधी। जहां पूर्व से इंतजार कर रहे जवानों ने बहनों का भव्य स्वागत किया। वहीं सुषमा विश्वकर्मा ने अपने सैनिक भाईयो की दीर्घायु वा स्वास्थ्य जीवन की कामना ले उन्हे राखी बांधने आई है। क्योंकि हमारे सैनिक भाई हमारी सुरक्षा की खातिर अपने बहन और परिवार के बीच नही जा पाते है। जिसको लेकर उन्हें बहन की कमी न खले, इसीलिए बहन की कमी पूरा करने पहुंची हूं। इस अवसर पर सभी जवानों के चेहरा पर खुशी का ठिकाना नहीं रहा।

# पंचायत का सर्वांगीण विकास को लेकर धनवार पंचायत में हुई बैठक, बीडीओ हुई शामिल

## पंचायत में अधूरे पड़े कार्यों को पूरा कर सरकारी योजना से लोगों को पहुंचाएं लाभ : बीडीओ

**पेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



पुष्पगुच्छ देकर बीडीओ को सम्मानित करते मुखिया राजेंद्र प्रसाद



बैठक में शामिल लोग

बरही प्रखंड अंतर्गत धनवार पंचायत के पैक्स भवन में प्रखंड विकास पदाधिकारी क्रिस्टीना रिचा इंदवार की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य पंचायत के सर्वांगीण विकास को लेकर चर्चा करना एवं आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर चयन कर पूर्ण कराना है। बैठक में मुख्य रूप से मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, उप मुखिया दामोदर प्रसाद वर्मा, पंचायत समिति सदस्य संतोषी कुमारी समेत सभी वार्ड सदस्यों द्वारा पंचायत के सर्वांगीण विकास को लेकर विस्तृत रुप से चर्चा की गयी। सरकार के द्वारा आवंटित योजनाओं का पंचायत स्तर पर शत प्रतिशत आच्छादित करने को लेकर चर्चा हुई। इसके लिए भी कई अहम प्रस्ताव बैठक द्वारा पारित किये गए। बैठक में मुखिया राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि कई जगहों पर आज भी योजनाएं अधूरी पड़ी है, जिसे पूर्ण करना अतिआवश्यक है। मुखिया द्वारा यह भी मांग किया गया कि पंचायत स्तरीय कर्मियों यथा पंचायत सचिव, आवास सहायक, रोजगार सेवक, कृषक मित्र, जन वितरण प्रणाली विक्रेता, सहिया आदि की उपस्थिति पंचायतों में सुनिश्चित की जाये ताकि पंचायत के लोगों को आय, जाति, आवसीय, जन्म-मृत्यु आदि प्रमाण पत्र बनाने, दाखिल खारिज, भू लगान, राशन कार्ड संबंधी जानकारी या समस्या के लिए प्रखंड का चक्कर नही लगाना पड़े। बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार ने कहा कि पंचायत में कोई काम अधूरा पड़ा है तो मुखिया और सचिव आपसी समन्वय स्थापित कर उसे दुरुस्त कराये ताकि यहां के लोगों को नियमित रूप से लाभ मिल सके। बीडीओ ने कहा कि आवश्यक योजनाओं को प्राथमिकता में अवश्य शामिल करें। उन्होंने पंचायत के सर्वांगीण विकास के लिए ईमानदारी से योजना बनाकर और गुणवत्ता के साथ कार्य कराने की बात कही। बैठक में मुखिया राजेंद्र प्रसाद, पंचायत सेवक समीर कांत रंजन, उप मुखिया दामोदर प्रसाद वर्मा, जन वितरण प्रणाली विक्रेता जितेंद्र कुमार, अब्दुल कलाम, सहायक शिक्षक अल्ताफ हुसैन, संजय प्रसाद कुशवाहा, कृषक मित्र राजेंद्र प्रसाद, वार्ड सदस्य मो हसमत अली, बालेश्वर यादव, मनोज कुमार केसरी, सुरेश पंडित, मो रफीक, अकीबा खातून, चांदनी कुमारी, बसंती देवी, हुमैरा प्रवीण, बिलकिश प्रवीण, मरियम खातून, बेबी देवी, माधुरी देवी, गीता देवी, गुड़िया देवी, आरती देवी, शांति देवी, मीना देवी, किरण देवी, गीता देवी आदि उपस्थित रहें।




डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित, | एडिटिंग- सोनू पंडित | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## वन की सुरक्षा करने का लिया संकल्प

**अपेम लाइवः चलकुशा**
**विक्रम सिंह**




चलकुशा –प्रखड अंतर्गत के ग्राम पंचायत चलकुशा, परतकोला के जंगल में रक्षाबंधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस शुभ अवसर पर सखुआ वृक्षों में थाना प्रभारी ओम प्रकाश पांडेय, मुखिया आलोक सिंह, पंचायत समिति प्रतिनिधि उमेश साव, ने धागा बांध कर वन को ना काटने एवं बचाने का संकल्प लिया। इस मौके पर जनप्रतिनिधियों ने कहा कि ग्रामीणों को जंगल को बचाना चाहिए जंगल को काटना नहीं चाहिए जंगल रहने से वातावरण शुद्ध रहता है और जंगली जीव जानवर गांव में प्रवेश नहीं करते हैं। जंगल को बचाना हम सभी का कर्तव्य बनता है। मौके पर फॉरेस्टर संतोष कुमार,देवचंद महतो, छोटी लाल सिंह,नशीम अंसारी, दिनेश मालाकार, मुंशी पासवान, एवं काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## मलकोको में मुखिया एवं ग्रामीणों ने रक्षा सूत्र बांध लिया वन सुरक्षा का संकल्प

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


पेड़ को रक्षा सूत्र बांधते विजय यादव

मलकोको पंचायत के जोगीबान्ध बन प्रक्षेत्र में रक्षा बंधन उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया विजय यादव ने की। मौके पर वनकर्मी भी मौजूद रहे। उन्होंने वन की उपयोगिता एवं महत्व से अवगत कराया। कार्यक्रम के तहत मुखिया विजय यादव के नेतृत्व में पेड़ो को रक्षा सूत्र बांधा गया। साथ ही वन सुरक्षा का संकल्प लिया गया। मुखिया विजय यादव ने कहा कि पेड़ पौधे हमे ऑक्सीजन के तौर पर जीवन दान देते हैं। इसके साथ ही पर्यावरण की सुरक्षा एवं संतुलन के लिए पेड़ पौधे जरूरी हैं। उन्होंने अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाने की अपील की और उनकी सुरक्षा करने का संकल्प दिलाया। मौके पर वनरक्षी भूपेंद्र कुमार, दीपक यादव, ग्रामीण सूरज दास, छत्रु यादव, राजेश यादव, सुमा देवी, मो कयूम अंसारी, सावित्री देवी, सरिता देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

## चन्दवारा में हर घर तिरंगा के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं ने निकाली मोटरसाइकिल रैली, पूर्व विधायक हुए शामिल

**अपेम लाइव : चंदवारा**
**धीरज कुमार**



आजादी के अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा अभियान को लेकर कार्यर्ताओं में जबरदस्त जोश देखने को मिला है। गुरुवार को बरही विधानसभा क्षेत्र के चन्दवार प्रंखड में पूर्व विधायक मनोज यादव के नेतृत्व में मोटरसाइकिल रैली निकाली गई। भाजपा कार्यकर्ताओं ने चन्दवारा वासियों से आग्रह किया कि 13 से 15 अगस्त तक हर लोग अपने अपने घरों पर ति. रंगा झंडा अवश्य लगाए। मोटरसाइकिल रैली में लोगों ने सम्मान में भारत माता की जय के नारे लगाए। संयुक्त बिहार में रहे तत्कालीन मंत्री सह पूर्व विधायक मनोज यादव ने भोन्डो चौक पर अपने संबोधन मे कहा कि हर घर तिरंगा अभियान प्रत्येक देशवासी के लिए स्वाभिमान का पर्व है। देश की आजादी में अपने प्राणों को न्यौछावर करने वाले उन शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि है, जिनकी बदौलत आज हम आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं। मौके पर भाजपा प्रंखड अध्यक्ष द्वारिका प्रसाद राणा पूर्व विधायक प्रतिनिधी लक्ष्मण प्रसाद यादव, सांसद प्रतिनिधि चन्द्रभूषण साव, भाजयुमो प्रखंड अध्यक्ष अमिताभ कुमार सिंह, भाजपा महामंत्री नन्दकिशोर सोनी, मनोज साव, प्रवीण कुमार उर्फ बंटी मोदी, मुखिया मनोज पासवान, मुखिया रामदेव यादव, मुखिया प्रतिनिधी संजय दास, पंचायत समिति महेंद्र पंडित ,पंचायत समिति प्रतिनिधि राजेश यादव, बालगोविंद सोनी, पूर्व मुखिया भुवनेश्वर पंडित, राजेन्द्र यादव, सुरेश यादव,युवा नेता कृष्णा यादव ,पप्पू मोदी, विरेन्द्र कुमार यादव, शीतल यादव ,मुकेश सिंह ,पप्पू यादव ,संदिप सोनी, चंदन सोनी , तुलसी दास ,पिन्टू कुमार साव, संतोष यादव सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## वनों की सुरक्षा प्रत्येक नागरिक का परम कर्तब्य : मनोज रजक

### वन विभाग की ओर से दौरवा में वन रक्षाबंधन उत्सव का आयोजन, रक्षा सूत्र बांध लिया सुरक्षा का संकल्प


वन रक्षा बन्धन उत्सव में शामिल वन अधिकारी एवं ग्रामीण

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग झारखंड सरकार के निर्देशानुसार हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल के द्वारा खोड़ाहार पंचायत अन्तर्गत दौरवा गांव में वन रक्षाबंधन उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रमुख मनोज रजक की । बतौर मुख्य अतिथि एसीएफ गौरख राम और वन प्रक्षेत्र पदाधिकारी कमलेश कुमार सिंह मुख्य तौर से उपस्थित रहे। वन अधिकारियों ने जीवन मे वन्य पर्यावरण के महत्व से अवगत कराया। साथ ही वनों की सुरक्षा को लेकर रक्षा सूत्र बांधकर सुरक्षा का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रमुख मनोज रजक ने कहा की वन का संरक्षण हेतु वन की रक्षा करना हम सभी गांववासियों का परम कर्तव्य है। गांव के लोगों संकल्पबद्ध होकर जंगल को बचाना होगा कमलेश सिंह ने बताया की गांव के लोगों को जब भी जरूरी होगा हम आपके लिए उपस्थित रहेंगे।। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पुर्व मुखिया वीणा उरांव, दिलिप एक्का समाजिक कार्यकर्ता रमेश ठाकुर, अरूण प्रजापति , फुलचंद सिंह , बाली सिंह, केवल सिंह ,श्याम प्रजापति, पार्वती देवी, मंजु देवी, पनवा देवी, संतोष शर्मा ,आनंद सिंह वनपाल, अमर आनंद ,बीरेंद्र कुमार ,भूपेन्द्र कुमार सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।









सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर



## नाट्यकला में रूचि रखने वाले विद्यार्थियों के लिए खुशखबरी

### आईसेक्ट विश्वविद्यालय में नाट्यकला की पढ़ाई शुरू

**अपेम लाइव : हजारीबाग**




हजारीबाग। आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग के प्रदर्शन एवं ललित कला विभाग में संगीत नृत्य और पेंटिंग के अलावा अब नए सत्र 2022 से नाट्य कला विषय में भी स्नातकोत्तर एवं डिप्लोमा की पढ़ाई शुरू कर दी गई है। इस बाबत आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने बताया कि विश्वविद्यालय में नाटक की पढ़ाई की शुरुआत बेहतर भविष्य की संभावनाओं के मद्देनजर किया गया है। उन्होंने बताया कि नाट्य कला की पढ़ाई में रूचि रखने वाले विद्यार्थियों के लिए यह वरदान साबित होगा। खासकर ऐसे विद्यार्थी, जो बाहर जाकर नाटक विषय की पढ़ाई करने में अपने आप को सक्षम महसूस नहीं करते, उनके लिए अब आईसेक्ट विश्वविद्यालय में नाट्यकला की पढ़ाई कर भविष्य के बेहतर मौके मिलेंगे। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय की बात की जाए तो नाट्य कला में रोजगार की संभावनाएं तेजी से बढ़ी है। नाट्य कला की पढ़ाई कर शिक्षण संस्थानों में शिक्षक, प्राध्यापक, फिल्म, टीवी, सांस्कृतिक अधिकारी, अभिनेता, निर्देशक सहित अन्य क्षेत्रों में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। वहीं प्रदर्शन एवं ललित कला विभाग के अधिष्ठाता रोहित कुमार ने बताया कि नाट्य कला, संस्कृति की अहमियत को बचाए रखने और सामाजिक चेतना के विकास में भी अहम भूमिका अदा करता है, जो सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने का सशक्त माध्यम के अलावा सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने का जरिया है। उन्होंने बताया कि नाट्यकला और डिप्लोमा में नामांकन के लिए किसी भी विषय में स्नातक के साथ साथ कम से कम 2 साल का अनुभव होना चाहिए। स्नातकोत्तर में 2 साल और डिप्लोमा में एक साल की पढ़ाई होगी।

## तिरंगा के सम्मान में भाजपाइयों ने निकाला तिरंगा यात्रा, पूर्व विधायक हुए सम्मिलित

### तिरंगा हमारा गौरव है, इससे मिलती ऊर्जा है : मनोज यादव





**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**

भाजपा द्वारा आजादी के 75वें साल के अवसर पर मनाये जा रहे अमृत महोत्सव पर भव्य तिरंगा यात्रा निकाला गया। भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश सिन्हा के अगुवाई व पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव के उपस्थिति में भाजपाइयों ने बाइक रैली निकाली तथा लोगों को अमृत महोत्सव में अपने अपने घरों पर तिरंगा लगाने के लिए प्रेरित किया। यात्रा की शुरुआत बिगहा हनुमत मंदिर से की गई जहां से बड़ी संख्या में वाहनों और बाइक पर सवार होकर भाजपाई तिरंगा के साथ भारत माता के जयकारे लगाते हुए महाराजगंज बाजार , चतरा मोड़, ब्ल०क मोड़, केंदुआ मोड़ होते हुए पूरे बाजार का भ्रमण किया। इस दौरान पूरे यात्रा में पूर्व विधायक मनोज यादव बाइक पर सवार होकर सभी का मनोबल बढ़ा रहे थे । तिरंगा यात्रा को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक ने सभी चौपारण वासियो को आगमी 13 अगस्त से 15 अगस्त तक अपने घरों में तिरंगा झंडा लगावे। पूर्व विधायक ने कहा कि तिरंगा हमारे गौरव की निशानी है। तिरंगा हमें ऊर्जा प्रदान करती है। कहा तिरंगे की गौरव को पीएम मोदी ने विश्व पटल तक पहुँचाया। ऐसे में हर भारतीय का कर्तव्य है कि इस अमृत महोत्सव में शामिल होकर देशभक्ति के प्रति ओत प्रोत हों। कहा की तिरंगा हमारे गौरव की निशानी है। तिरंगा यात्रा में सांसद प्रतिनिधि मुकुन्द साव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश सहाय, रमेश ठाकुर, रामस्वरूप पासवान, जिला परिषद राकेश रंजन, आरती कौशल, मुखिया प्रतिनिधि विनोद सिंह, मुखिया संघ अध्यक्ष वीरेंद्र रजक, मुखिया प्रतिनिधि राजदेव यादव, पप्पू रजक, राकेश रंजन, मुखिया अर्चना हेमरोम, राकेश पांडेय, सुरेश दांगी, देव कुमार दांगी, भाजपा प्रवक्ता मुनेश्वर गुप्ता, रंजन सिंह, विनोद यादव, सुनील सिंह, सुदीप सिंह, अभिषेक ठाकुर, मो सिराज, कलामुद्दीन अंसारी, पवन सिंह, सन्नी मित्तल, सहदेव यादव, बिरेन्द्र चनदवंशी सहित सैकड़ों लोग सम्मिलित

## कुशवाहा संघ गिरिडीह ने मनाई लव कुश जयंती समारोह





**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**

कुशवाहा छात्रावास सिहोडीह में प्रत्येक वर्ष की भांति लव कुश जयंती समारोह समिति के बैनर तले लव कुश जयंती समारोह का आयोजन किया गया । समारोह का आरंभ सर्वप्रथम कुशवाहा संघ के संरक्षक श्री तिलक महतो ने झंडोत्तोलन कर और उसके बाद कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अध्यक्ष जिला परिषद श्रीमती मुनिया देवी विशिष्ट अतिथि झारखंड कुशवाहा महासभा के महासचिव सत्यदेव प्रसाद वर्मा समिति के संरक्षक श्री विनय कुमार सिंह संयोजक श्री इंद्रनारायण प्रसाद और अध्यक्ष श्री पूरन महतो सहित तमाम अतिथियों के सम्मान बुके साल के साथ के पश्चात लव कुश के चित्र पर दीप प्रज्वलन और पुष्प अर्पित कर आरंभ किया गया ।समारोह के आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज के एकजुटता और सर्वांगीण विकास को प्रतिबद्ध समाज के सरोकार से जुड़े लोग के द्वारा सामाजिक एकता पर जोर और खास करके महिलाओं को समाज की मुख्यधारा में जोड़ते हुए उनके प्रतिनिधित्व को सामाजिक समरसता स्थापित करने में कैसे समाहित किया जाए ।सत्र के आरंभ में तमाम अतिथियों संबोधन में सभी प्रखंडों के प्रखंड अध्यक्ष ने बारी–बारी से समाज कैसे विकसित हो सामाजिक कुरीतियां कैसे दूर हो समाज के लोग एकजुट होकर अपनी ताकत का एहसास कैसे कराएं और समाज में एक एक व्यक्ति शिक्षित कैसे हो इन बिंदुओं पर बारी–बारी से विचार रखा । अपने अध्यक्षीय भाषण में श्री पूरन महतो समाज के 70 के दशक को और तत्कालीन कुरीतियों को प्रतिबिंबित करते हुए उपस्थित जनसमूह एक ऐसे समाज की परिकल्पना का संदेश दिया जहां इन कुरीतियों का कोई जगह ना हो ।समाज के लोग समाज हित में समाज के लिए हमेशा कदम दर कदम आगे रहे बतौर विशिष्ट अतिथि झारखंड कुशवाहा महासभा के महासचिव श्री सत्यदेव प्रसाद ने भी छात्रावास निर्माण कैसे हो संरक्षक श्री विनय सिंह ने लव–कुश एकता को स्थापित करते हुए समाज को मजबूत करने के लिए अपने सार्थक विचार रखें ।संबोधित करते हुए जिला परिषद सदस्यों ने भी अपनी हर संभव सहयोग और उपलब्धता समाज के लिए दोहराया । बतौर मुख्य अतिथि अध्यक्ष जिला परिषद ने एक आवाज लगाई समाज की महिलाएं बहने चाची दादी अब सब को आगे आना होगा और समाज के लिए आपको भी सोचना होगा । सिर्फ पुरुषों के भरोसे हम समाज का विकास नहीं कर सकते । संघ महिलाओं को भी मौका दें समाज हित में सोचने का काम करने का अपने संबोधन में समाज के पुरोधा और वर्तमान कुशवाहा संघ के संरक्षक श्री तिलक महतो ने मात्र 2 शब्द 1980 और 90 के दशक का सशक्त समाज जिससे समाज में बड़ा बदलाव और परिवर्तन आज देखने को मिल रहा है, यह गति बरकरार रहे। इसलिए नौजवानों को आगे आकर काम करने की आवश्यकता है ।समारोह को जिला परिषद सदस्य कुमारी वर्मा वर्मा पिंकी वर्मा सूरज सुमन असिस्टेंट कमांडेंट सुरेश प्रसाद वर्मा कार्यकारी अध्यक्ष प्रोफेसर अर्जुन प्रसाद वर्मा जिला कोषागार पदाधिकारी रांची श्री सुनील कुमार सिन्हा जिला कांग्रेस के वरीय नेता वासुदेव प्रसाद वर्मा महामंत्री श्री ओम प्रकाश महतो संगठन सचिव बैजनाथ प्रसाद , डॉ कुलदीप नारायण कत रामाकांत डॉ एके वर्मा डॉ शशि भूषण प्रसाद चतव अर्जुन प्रसाद वर्मा ने भी अपने अपने समाज हित में विचार रखें। सामाजिक एकता के लिए सभी प्रखंडों में कुशवाहा संघ का गठन बड़ी सफलता पूर्वक संपन्न हुआ और कुशवाहा संघ को इनकम टैक्स के दायरे से छूट देने वाले ८0 जी के प्रावधान के तहत मान्यता मिलने के उपरांत सबों ने प्रसन्नता व्यक्त किया। समारोह में समाज के नवनिर्वाचित वार्ड सदस्य पंचायत समिति सदस्य मुखिया जिला परिषद और जिला परिषद अध्यक्ष को संघ की ओर से सोल प्रशस्ति पत्र और बुके देकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम की सफलता में संयोजक इंद्र नारायण प्रसाद ,रामदेव प्रसाद हरिनंदन वर्मा , तारकेश्वर वर्मा, प्रेमचंद कुशवाहा (समाजसेवी बिरनी), महेंद्र प्रसाद वर्मा वरी उपाध्यक्ष दिगंबर दिवाकर नगर अध्यक्ष बसंत कुमार वर्मा रामचंद्र प्रसाद वर्मा अशोक कुमार वर्मा रविंद्र कुमार विद्यार्थी राजेश कुमार चास कुमार वर्मा कुमार वर्मा नागेश्वर प्रसाद वर्मा इंद्रनारायण लाल वर्मा योगेश्वर महतो रीतलाल प्रसाद वर्मा रिंकू शर्मा ममता वर्मा सहित सैकड़ों लोगों ने मिलकर इस कार्यक्रम को शानदार रुप दिया कार्यक्रम का संचालन और समन्वयन वरीय शिक्षक मुन्ना कुशवाहा ने किया आर धन्यवाद ज्ञापन वरीय उपाध्यक्ष श्री दिगंबर प्रसाद दिवाकर ने किया।

## सांसद आदर्श ग्राम योजना के तहत

### कोडरमा सांसद सह केन्द्रीय राज्य शिक्षा मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने किया भ्रमण

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



आज दिनांक 11.08.022 को माननीय केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री के द्वारा सांसद आदर्श ग्राम योजना के तहत गावां प्रखंड के सांख पंचायत का भ्रमण किया गया एवं वहां पर आयोजित बैठक में सहभागिता की गई । बैठक को संबोधित करते हुए उपायुक्त गिरिडीह ने कहा सांसद ग्राम योजना की परिकल्पना है कि क्षेत्र को सरकार की विभिन्न योजनाओं से आच्छादित कर क्षेत्र का सर्वांगीण विकास किया जाए एवं ग्रामीणों को सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जाए इसी के तहत आज सरकार की विभिन्न योजनाओं पर चर्चा की जाएगी स सामाजिक सुरक्षा कल्याण, समाज कल्याण तथा श्रम विभाग अनेक योजनाएं हैं जिससे लोगों को अधिक से अधिक संख्या में लाभान्वित किया जा सकता है स 15 अगस्त के बाद सभी आदर्श ग्राम योजना क्षेत्र में कैंप लगाकर सरकार की विभिन्न योजनाओं से उस क्षेत्र को आच्छादित किया जाएगा एवं सरकार की विभिन्न योजनाओं से ग्रामीणों को लाभान्वित किया जाएगा इस हेतु ग्राम विकास योजना को तैयार किया जा रहा है । बैठक को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत सरकारी कार्यालयों में 12 अगस्त से 15 अगस्त 022 तथा घरों में 13 अगस्त से 15 अगस्त 022 तक राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाना है । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए माननीय केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री ने कहा आज सांख पंचायत का भ्रमण किया गया है स यहां की समस्याओं को जाना गया है एवं सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा तथा इस पंचायत को सरकार की विभिन्न योजनाओं से आच्छादित कर पंचायत का सर्वांगीण विकास किया जाएगा तथा ग्रामीणों को सरकार की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा । हर घर ति. रंगा कार्यक्रम के संबंध में माननीय केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि अपने देश के प्रति सम्मान रखना है स अपने अमर शहीदों को नमन करना है तथा हर–घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत सभी को राष्ट्रीय ध्वज फहराना है । कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा ग्राम विकास योजना पर प्रकाश डाला गया स कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त ,प्रखंड विकास पदा. धिकारी ,चिकित्सा पदाधिक. ारी तथा अन्य पदाधिकारी, मुखिया एवं अन्य लोग उपस्थित थे ।






सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## गांडेय विधायक स्वर्गीय विशु सिंह के परिवार से मिलकर किए आर्थिक सहायता





**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**

गिरिडीह जिला के गांडेय विधायक डॉ सरफराज अहमद जी गांडेय प्रखंड के विभिन्न गांवों में पहुंचे और लोगो से मिलकर मुहर्रम त्यौहार की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीए साथ ही घाट्कुल पंचायत के लेदो गांव में स्व.बिशु सिंह के घर पहुंचकर उनके परिवार. जनों से मिलकर शोक संवे. दना व्यक्त किए और उनकी विधवा पत्नी को आर्थिक सहायता प्रदान किए। गांडेय विधायक डॉ सरफराज अहमद गांडेय विधानसभा के गांडेय प्रखंड के विभिन्न गांवों ,घाट्कुल, पहरीडीह, फुलजोरी, आहारडीह, समेत अन्य कई गांव में पहुंचकर लोगो से मिलकर एवम मुहर्रम के कार्यक्रम में शामिल हुए सभी लोग को त्यौहार की हार्दिक शुभकामनाएं दी,, साथ ही घाट्कुल पंचायत के लेदो गांव में विगत कुछ दिन पहले स्व.विशु सिंह का निधन हो गया था जिनके घर पहुंच कर उनके परिजन से मिलकर सांत्वना दिए साथ ही आर्थिक सहायता किए। मौके पर अकबर अंसारी, सदर कमेटी सदस्यगण, स्थानीय जनप्रतिनिधि गण समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## गिरिडीह डीसी ने 12से 15अगस्त तक सभी कार्यालयों में राष्ट्रीय ध्वज फहराने का किया निर्देश जारी

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**

संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आजादी की अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा अभियान के आलोक में 12.08.022 से 15.08.022 तक सभी सरकारी एवं अर्ध सरकारी भवनों पर प्रतिदिन राष्ट्रीय ध्वज फहराना/ है । इस संबंध में उपायुक्त गिरिडीह द्वारा सभी कार्यालय प्रधान को निर्देश दिया गया है कि वे अपने सभी सरकारी भवनों , पंचायत भवन , आंगनवाड़ी केंद्र, स्वास्थ्य केंद्र , विद्यालय , अनुमंडल एवं प्रखंड के सभी सरकारी कार्यालय में राष्ट्रीय ध्वज फहराना/ फहरवाना सुनिश्चित करेंगे उपायुक्त के द्वारा निर्देश दिया गया है कि कार्यालय प्रधान तिरंगा झंडा फहराने के क्रम में गृह सचिव भारत सरकार से निर्गत फ्लैग कोड ऑफ़ इंडिया का पालन करना सुनिश्चित करेंगे । सभी कार्यालय प्रधान को निर्देश दिया गया है कि सरकारी भवनों में राष्ट्रीय ध्वज फहराने का फोटो उपलब्ध कराएंगे ।

## हर घर तिंरगा अभियान को लेकर गिरिडीह उपायुक्त ने वीसी के दौरान दिए निर्देश

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**

आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत सभी सरकारी कार्यालय तथा निजी घरों में राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाना है स सरकारी कार्यालयों में 12. 08.022 से 15.08.022 तक राष्ट्रीय ध्वज फरहाना है तथा निजी घरों में 13. 08.022 से 15.08.022 तक राष्ट्रीय ध्वज फहराना है। इस अभियान के संबंध में उपायुक्त, गिरिडीह द्वारा सभी कार्यालय प्रधान के साथ वीसी के माध्यम से बैठक की गई । जिला खेल पदाधिकारी के द्वारा बताया गया की गिरिडीह जिला को 3,16,500 तिरंगा झंडा वितरण हेतु प्राप्त हुआ है जिसे विभिन्न सरकारी कार्यालयों एवं घरों में वितरण किया जाना है । उपायुक्त के द्वारा सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वह दिनांक 11 अगस्त को जिला मुख्यालय से तिरंगा झंडा प्राप्त कर लेंगे ताकि उनका वितरण समय पर कर लिया जाए स तिरंगा झंडा जिला मुख्यालय , अनुमंडल तथा प्रखंड के सभी सरकारी कार्यालय तथा निजी घरों में फहराया जाना है। उपायुक्त ने बताया कि सरकारी कार्यालयों में तिरंगा झंडा सुबह से शाम तक फहराया जाएगा तथा घरों में दिन रात फहराया जा सकता है । उपायुक्त के द्वारा निर्देश दिया गया कि सभी सरकारी भवन ,पंचायत भवन ,आंगनवाड़ी केंद्र ,विद्यालय, स्वास्थ्य केंद्र पर राष्ट्रीय ध्वज फहराना है स प्रखंड विकास पदाधिकारी, मुखिया ,पंचायत समिति सदस्य ,वार्ड सदस्य, जिला परिषद सदस्य के माध्यम से घर-घर तक तिरंगा झंडा का वितरण करवाना है ।

शहरी क्षेत्र में उप नगर आयुक्त ,वार्ड पार्षदों के माध्यम से घर-घर तक तिरंगा झंडा वितरण करवाना सुनिश्चित करेंगे । तिरंगा झंडा फहराने के समय फ्लैग कोड ऑफ इंडिया का अनुपालन अवश्य करना है ।

वीसी को संबोधित करते हुए उप विकास आयुक्त ने कहा की सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी आकलन कर लेंगे कि उन्हें वितरण हेतु कितने तिरंगे झंडे की आवश्यकता है तथा उतना तिरंगा झंडा जिला मुख्यालय से प्राप्त कर लेंगे साथ ही वितरण हेतु तिरंगा झंडा सूची के साथ रोजगार सेवक, पंचायत सेवक ,आंगनवाड़ी सेविका ,शिक्षक ,चिकित्सक, मुखिया, वार्ड सदस्य ,पंचायत समिति सदस्य एवं जिला परिषद सदस्य को उपलब्ध कराएंगे एवं उनसे प्रतिवेदन प्राप्त करेंगे की उनके द्वारा कहां - कहां पर एवं किन - किन घरों में तिरंगे झंडे का वितरण किया गया है ।

उपायुक्त के द्वारा निर्देश दिया गया कि सभी कार्यालय प्रधान राष्ट्रीय ध्वज फहराने से संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराएंगे । जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, आंगनवाड़ी केंद्रों से संबंधित जिला पंचायती राज पदाधिकारी, पंचायत भवनों से संबंधित जिला शिक्षा अधीक्षक ,विद्यालय से संबंधित एवं सिविल सर्जन, स्वास्थ्य केंद्र से संबंधित अनुमंडल पदा. धिकारी ,अनुमंडल स्थित कार्यालय तथा प्रखंड विकास पदाधिकारी ,प्रखंड से संबंधित कार्यालयों में राष्ट्रीय ध्वज फहराने से सं. बंधित प्रतिवेदन देंगे ।

उपायुक्त के द्वारा गिरिडीह जिला के सभी नागरिकों से अपील की गई है कि वे दिनांक 13.08.022 से 15.08.022 तक अपने - अपने घरों में राष्ट्रीय ध्वज फहराये ।
वीसी में उप विकास आयुक्त सभी अनुमंडल पदाधिकारी तथा सभी सं. बंधित पदाधिकारी उपस्थित थे ।

## चौंबर ऑफ कॉमर्स गिरिडीह ने गिरिडीह शहर में बांटे तिंरगा झंडा

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**




देश की आजादी के 75वें वर्ष को पूरा देश अमृत महोत्सव के रुप में मना रहा है। इसी क्रम में अमृत महोत्सव के शुभ अवसर पर माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा हर घर तिरंगा का जो अभियान प्रारंभ किया गया है । इस अभियान के अंतर्गत गिरिडीह जिला चेंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा गिरिडीह निगम क्षेत्र के लगभग 1800 दुकानदारों को निशुल्क राष्ट्रध्वज प्रदान किया गया है। समूचे निगम क्षेत्र में 8 सदस्यों को दुकानों पर 1600 राष्ट्रध्वज वितरित करने के लिए दिए गए। इसके अलावा आज संबल सदस्यों द्वारा टावर चौक कचहरी रोड के आसपास के 200 दुकानदारों को बारिश में भी घूम घूम कर राष्ट्रध्वज प्रदान किया गया। आज के अभियान में चेंबर अध्यक्ष सहित उपाध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल विकास खेतान सुनील मोदी गोपाल संथालिया अनिल धनवरिया अशोक अग्रवाल सहित कई सदस्य शामिल थे।

## आयुष्मान भारत योजना तहत जिला प्रशासन सभी विद्यालयों में जागरूकता अभियान

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**

आयुष्मान भारत पहल के तहत स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग तथा झारखंड स्वास्थ्य मिशन झारखंड सरकार के संयुक्त प्रयास से विद्यालय, स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम आकांक्षी जिलों के प्राथमिक माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सभी सरकारी विद्यालय एवं सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों में की जानी है इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यालयों में छात्र - छात्राओं को स्वास्थ्य एवं पोषण के संबंध में उचित जानकारी दी जानी है स विद्यालयों में सुरक्षित पेयजल के उपयोग को बढ़ावा देना है , विद्यार्थियों में प्रारंभिक बीमारियों का पता लगाना और उनका इलाज करना, विद्यार्थियों में कुपोषण एवं एनीमिया की पहचान करना तथा उसका उपचार करना है।

इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाध्यापक, छात्र - छात्राओं के अभिभावक, पंचायती राज व्यवस्था के प्रतिनिधि, आंगनवाड़ी से. विका तथा ए.एन.एम. की सहभागिता होगी। अभियान निर्देशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन झारखंड द्वारा सिविल सर्जन को निर्देश दिया गया है कि स्कूल स्वास्थ्य कार्यक्रम का उद्घाटन 12 अगस्त 22 को अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर किया जाता है। गिरिडीह जिला में इस कार्यक्रम का उद्घाटन 12 अगस्त 2022 को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, गिरिडीह में होगा स इसके साथ अन्य विद्यालय जैसे कस्तूरबा गांधी विद्यालय डूमरी, + 2 हाई स्कूल गावा , कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय देवरी , कस्तूरबा गांधी विद्यालय तीसरी, में भी आयोजित होंगे जहां पर प्रभात फेरी निकाली जाएगी तथा अन्य कार्यक्रम भी किए जाएंगे।

## गिरिडीह न्यायालय परिसर में 13अगस्त 2022 को लोक अदालत


**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**

झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह के तत्वाधान में दिनांक 13 अगस्त 2022 को पूर्वाहन 10:00 बजे से गिरिडीह न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा स उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में गिरिडीह व्यवहार न्यायालय मे निम्नलिखित तरह के लंबित वाद एवं प्री लिटिगेशन मामलों का सुलह के आधार पर त्वरित निष्पादन किया जाएगा ।

(1) सुलहनीयअपराधिक मामले (एवं सहित) ।
(2) एनआई एक्ट केसेस अंडर 138. (चेक डिशअ०नर संबंधित मामले )।
(3) बैंक रिकवरी मामले एवं बैंक सर्टिफिकेट केसेस ।
(4) वाहन दुर्घटना एवं दवा संबंधित मामले।
(5) श्रम विभाग से संबंधित मामले।
(6) बिजली बिल तथा पानी बिल से संबंधित मामले (गैर सुलहनीय को छोड़कर)
(7) वैवाहिक / परिवारिक मामले।
(8) भूमि-अर्जन संबंधित मामले।
(9) सेवा संबंधित वाद (वेतन, भत्ता एवं सेवानिवृत्ति लाभ से संबंधित मामले )।
(10) राजस्व संबंधित मामले (जिला न्यायालय में लंबित )।
(11) अन्य दीवानी मामले ।
(12) वन बाद ( फोरेस्ट केसेस)
(13) उत्पाद बाद ( एक्साइज केसेस)
(14) माप तोल वाद।
(15) फूड सेफ्टी केसेस
(16) ट्रेफिक चालान केसेस
(17) नगर निगम (प्री लिटिगेशन मैटर्स )
(18) पब्लिक यूटिलिटी मैटर्स
(19) स्थायी लोक अदालत से संबंधित मामले।
(20) एवं अन्य वो सभी मामले जो पक्षकारों के आपसी सहमति से सुलहनीय हो।

इस संबंध में सभी जनसाधारण एवं वाद कार्यों से अपील की गई है कि वे अपने दीवानी एवं सुलहनीय अपराधिक मामलों का निष्पादन लोक अदालत में करवा सकते हैं।

इस संबंध में निर्देश दिया गया है की संबंधित व्यक्ति , संबंधित न्यायालय में आवेदन देकर 12 अगस्त 2022 तक कार्य दिवस के दिन राष्ट्रीय लोक अदालत पूर्व समझौता बैठक के लिए गठित पीठ में अपने मामले को रखवा कर अपने वादों का निष्पादन करवा सकते हैं।






सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर



## बड़ा बाजार यूथ विंग के द्वारा हर घर तिरंगा अभियान में निशुल्क तिरंगा का किया गया वितरण

### शहर के विभिन्न चौक चौराहों पर किया गया तिरंगा वितरण

**अपेम लाइव : हजारीबाग**
**अमरजीत सिंह**



हजारीबाग शहर के बड़ा बाजार यूथ विंग के द्वारा सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने के साथ-साथ स्वतंत्रता का 75 वर्ष जो कि पूरे भारतवर्ष में आजादी का अमृत उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है इसी क्रम में 13 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान के निमित्त हर व्यक्ति अपने घरों में, कार्यालय एवं विभिन्न स्थानों पर तिरंगा लगाकर स्वतंत्रता का 75 वां वर्ष बड़ी धूमधाम से मना रहा है इसी बीच बड़ा बाजार यूथ विंग के द्वारा शहर के विभिन्न चौक चौराहों पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा का निशुल्क वितरण किया गया। और सभी आम जनता से अपने घरों में तिरंगा लगाने का आग्रह किया गया। वही मौके पर चंद्रप्रकाश जैन ने कहा कि हर घर तक तिरंगा लहरे इसी उद्देश्य के साथ तिरंगे का निशुल्क वितरण किया गया है और साथ ही सभी आम जनता से तिरंगा लगाकर आजादी का अमृत उत्सव के निमित्त हर घर तिरंगा अभियान मैं सम्मिलित होने का आग्रह किया गया है। साथ ही कहा कि राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को हमेशा ऊंचाई की ओर फहराया जाता है इस बात का हम सभी को बेहतर ध्यान रखना है। वही मौके पर विशाल खण्डेलवाल ने कहा कि भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर हर घर तिरंगा कार्यक्रम के निमित्त हमारी टीम के द्वारा शहर के विभिन्न चौक चौराहों पर तिरंगे का निशुल्क वितरण किया गया। ताकि हर कोई इस कार्यक्रम में सम्मिलित होकर इस कार्यक्रम को ऐतिहासिक रूप से संपन्न कर सकें। मौके पर चंद्रप्रकाश जैन, सुरेंद्र खण्डेलवाल, जयप्रकाश खंडेलवाल, विशाल खंडेलवाल, संजय कुमार विकास केसरी, रितेश खण्डेलवाल,अतिशय जैन,अंकुर केसरी, भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष बबीता जैन आंध्र प्रदेश विजयवाड़ा, रामेश्वर साव,अजय यादव सहित कई लोग मौजूद थे।

## केन्द्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह कोडरमा सांसद श्रीमति अन्नपूर्णा देवी ने किया देवरी प्रखंड का दौरा





**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**

आज दिनांक 11.08.022 को माननीय केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री के द्वारा सांसद आदर्श ग्राम योजना के तहत देवरी प्रखंड के खटोरी पंचायत का भ्रमण किया गया एवं वहां पर आयोजित कार्यक्रम में सहभागिता की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त गिरिडीह ने कहा की सांसद आदर्श ग्राम योजना की रूपरेखा पर चर्चा की जा रही है एवं खटोरी पंचायत में पुरानी योजनाओं के साथ-साथ नई योजनाओं से इस पंचायत को आच्छादित किया जाएगा। ताकि इस पंचायत के प्रत्येक क्षेत्र में प्रगति लाई जा सके इसके लिए विलेज डेवलपमेंट प्लान तैयार किया जा रहा है एवं लोगों को विभिन्न योजनाओं से आच्छादित किया जा रहा है स प्रधानमंत्री आवास योजना के छुट्टे हुए लाभुकों को अंबेडकर आवास प्रदान किया जा रहा है स सभी योग्य छूटे हुए लाभुकों को पेंशन तथा केसीसी की योजना लाभान्वित किया जा रहा है स प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, मुख्यमंत्री सुकन्या योजना , मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना आदि योजनाओं से लोगों को लाभान्वित किया जाएगा । उपायुक्त ने बताया की कि झारखंड राज्य फसल राहत योजना के तहत क्षति का आकलन विभागीय पदाधिकारी द्वारा किया जा रहा है एवं फसलों की क्षति का अनुपात में जिनके पास 10 एकड़ से ज्यादा जमीन है उनको प्रति एकड़ के आधार पर लाभ दिया जाएगा स इस हेतु कृषि सहकारिता एवं राजस्व विभाग के पदाधिकारियों को बैठक कर आवश्यक निर्देश दिया जा चुका है। फसल राहत योजना के तहत लगभग 4,000 आवेदन प्राप्त है जिन पर कार्रवाई की जा रही है। उपायुक्त ने कहा हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत सभी सरकारी भवनों एवं घरों में झंडा फराया जाना है स सरकारी भवनों में 12 अगस्त से 15 अगस्त 022 तक तथा निजी घरों में 13 अगस्त से 15 अगस्त तक राष्ट्रीय ध्वज फहराना है स सभी नागरिकों से अपील है कि वह इस अवधि में राष्ट्रीय ध्वज फहराये। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए माननीय केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री ने कहा खटोरी पंचायत को पिछड़ा क्षेत्र होने के कारन सांसद ग्राम योजना के तहत इसका चयन किया गया है एवं सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के द्वारा इस क्षेत्र का सर्वांगीण प्रगति किया जाएगा स माननीय केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री ने सभी लोगों से आह्वान किया की वह हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत अपने- अपने घरों में राष्ट्रीय ध्वज को फहराये।

कार्यक्रम में माननीय विधायक जमुआ , उप विकास आयुक्त ,प्रखंड विकास पदाधिकारी ,अंचल अधिकारी तथा अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## उत्क्रमित उच्च विद्यालय धनयडीह परिवार ने हर घर तिरंगा झंडा को लेकर निकाली प्रभात फेरी

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



राज्य परियोजना निदेशक, झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद, झारखण्ड सरकार के पत्रांक 1983 रांची दिनांक 5/8/22 के निर्देशानुसार आज़ादी का अमृत महोत्सव के संदेश को प्रभावशाली बनाने के लिए उत्क्रमित उच्च विद्यालय धनयडीह, गिरिडीह परिवार ने विधालय के पोषक क्षेत्र में प्रभात फेरी कार्यक्रम का आयोजन कर हर घर तिरंगा फहराने का दृढ़ संकल्प लिया। छात्र छात्राओं में देश भक्ति भावना की जागृति लाने में विधालय के वरीय शिक्षक संजीव कुमार ने प्रमुख भूमिका निभाई। शिक्षक संजीव कुमार ने कहा कि बच्चों को राष्ट्र प्रेम की भावना पैदा करने के लिए विधालय एवम् विद्यालय से बाहर होने वाली गतिविधियों में सम्मिलित होने से अच्छी अनुभूति होती है। बच्चों को देश हित में कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के प्रधानाध्यापक भुवनेश्वर प्रसाद सिंह , शिक्षक राहिल मेरी हांसदा , मनोज कुमार , प्रमिला कुमारी, सुनीता कुमारी, आमोद कुमार सिंह, राम लखन साहु, रीता मिश्रा, कृष्णदेव साहु के साथ विद्यालय के सैकड़ों छात्र छात्राओं की सहभागिता बनी हुई है। विधालय के प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्री महेंद्र दास जी का महत्वपूर्ण योगदान विद्यालय परिवार के साथ है।

## विधायक अम्बा ने वृक्षों का रक्षाबंधन कर प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव वन क्षेत्र पदाधिकारी छोटेलाल साव की अगुवाई में बड़कागांव महुदी पहाड़ मे पेड़ों को रक्षा सूत्र बांधकर रक्षाबंधन मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर वृक्षों का रक्षाबंधन कर प्रकृति संरक्षण का संदेश। दिया। उन्होंने लोगो से अपील किया कि जिस तरह बहन की रक्षा करने के लिए भाई हमेसा तत्पर रहते हैं, उसी प्रकार वृक्षों की रक्षा के लिए तत्परता जरुरी है। वृक्ष हमारे धरोहर हैं, इसके बिना हम अधूरे हैं। मानव जीवन का सबसे जरुरी व महत्वपूर्ण अ०क्सीजन हमें वृक्ष से प्राप्त होता है। अगर वृक्ष नही रहेंगे तो एक पल जीने का कल्पना भी नहीं की जा सकती है। मौके पर उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, वन कर्मी फ०रेस्टर रामचंद्र प्रसाद, अजय यादव, कृष्णा महतो, विनोद बेसरा, चंदन सिंह, अशोक महतो के अलावा कई लोग उपस्थित थे।

## समाजसेवी बहनों के द्वारा थाना परिसर में रक्षा बंधन कार्यक्रम का आयोजन

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : कर्णपुरा महिला समाज एवं विश्व हिंदू परिषद मातृत्व शक्ति के द्वारा बड़कागांव थाना परिसर में रक्षाबंधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उपस्थित समाजसेवी बहनों ने अपने घर से दूर बड़कागांव थाना में सेवा दे रहे थाना प्रभारी विनोद तिर्की एवं अन्य पदाधिकारियों जवानों को रक्षा सूत्र बांधकर क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने की कामना की। थाना प्रभारी विनोद तिर्की ने उपस्थित समाजसेवी बहनों को आभार व्यक्त किया। मौके पर मुख्य रूप से थाना प्रभारी विनोद तिर्की, एसआई चनेश्वर किस्कू, अजीत कुमार, अभय कुमार, वीरेंद्र उरांव, एएसआई शिवजी सिंह, रुस्तम अली के अलावा कर्णपुरा महिला समाज के सदस्यों में मुख्य रूप से जिला परिषद मध्य के सदस्या सुनीता देवी, बासमती कुमारी, कुमारी गिनी बर्मा, प्रभा देवी, संगीता देवी, सावित्री देवी, सीता देवी, शोभा देवी व विश्व हिंदू परिषद मातृशक्ति के पिंटू गुप्ता, अंग्लेश सोनी, सुषमा राणा, ज्योति कुमारी, गीता कुमारी, कविता कुमारी, पूनम कुमारी आदि उपस्थित थे।




APEM LIVE

डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार